04 अपनी जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंची मध्यप्रदेश...



06 जिंदगी के लिए काल बन सकते हैं नेशनल ...



### कलेक्ट्रेट परिसर में लोगों को समग्र स्वच्छता की जानकारी देने बनाया गया था पार्क

## कैसे जगेगी स्वच्छता की अलख, जब वाट्सन पार्क में ही फैली है गंदगी

दूसरों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले अधिकारियों के ऑफिस के पास मौजूद वाट्सन पार्क के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। जिसका उददेश्य समग्र स्वच्छता से लोगों को जागरूक करना था।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले जिला और नगर प्रशासन द्वारा लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाता है। इधर कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद वाटसन पार्क वर्षों से बदहाल है। जिसका उदे्श्य समग्र स्वच्छता से लोगों को जागरुक करना था। जिसके लिए जिला प्रशासन ने जिला पंचायत के सामने वाटसन पार्क बनाया था। स्वच्छता के लिए जागरुक करने वाला यह पार्क अब खुद गंदगी से घिरा हुआ है। पार्क के भीतर बनाए गए मॉडल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और ऊंची-ऊंची झांड़िया ऊग रही है।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान और विधानसभा चुनाव के तहत हाल ही में वाटसन पार्क के बाहरी दीवारों पर स्वच्छता संबंधी स्लोगन लिखवाए हैं। जबकि अंदर हाल बेहाल है। कलेक्ट्रेट परिसर में लोगों को समग्र स्वच्छता, शौचालयों एवं इनमें मिलने वाले अनुदान की जानकारी देने के लिए वर्ष 2012 में वाटसन पार्क बनाया गया था। पार्क में फुलवारी की जगह अब बबूल के पेड़, झाडिय़ां और जगह-जगह कचरा फैला पड़ा है। वर्ष 2012 में तत्कालीन कलेक्टर राहुल जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर में समग्र स्वच्छता अभियान के तहत यह वाटसन पार्क श्रमदान से बनवाया था। तत्कालीन कलेक्टर निशांत बरवड़े ने भी इसको विकसित करने एवं इसकी नियमित देखरेख में रुचि ली थी। इसके बाद से पार्क बदहाल पड़ा है। जबकि इसी सड़क से कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को आना-जाना बना रहता है।

### पहले मिलता था स्वच्छता का संदेश, अब फैली है गंदगी

पार्क से हितग्राहियों को स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित किए जाने वाले शौचालय एवं उसकी अनुदान राशि व लागत के संबंध में जानकारी मिलती थी। पार्क में स्वच्छता से संबंधित मॉडल बनाए गए थे। जिसके पास शिलालेख बनाकर उसमें उसकी समस्त जानकारी लिखवाई गई थी। इसके अलावा पार्क की तरह माहौल बनाने के लिए उसमें फूल और खूबसूरत दिखने वाले पौधे लगाए गए थे। पार्क से सामुदायिक स्वच्छता, खानपान में स्वच्छता, गंदे पानी की निकासी, पीने के पानी की स्वच्छता, कूड़े-करकट का उचित निपटान, व्यक्तिगत स्वच्छता का संदेश मिलता था। लेकिन इन दिनों इसके हालात सबसे बेकार नजर आ रहे है। वॉटसन पार्क को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ का कहना है पार्क की सफाई जल्द ही करवाते है।

### शहर में भी कई स्थानों के हालात बदतर

नर्मदापुरम में सफाई को लेकर हालात बद से बदतर नजर आते हैं। जिसमें पॉलीथिन का कचरा सबसे अधिक दिखाई देता है। हालांकि घर-घर सफाई वाहन तो पहुंच रहे हैं, लेकिन लोग भी कचरे को सड़क पर फैंकने से परहेज नहीं कर रहे हैं। इधर बाजार क्षेत्र में दो समय कचरा वाहन दुकानों के पास पहुंचता है, बावजूद इसके कई दुकानदार कचरे को सड़क पर ही फैंक कर इतिश्री कर लेते हैं। मीनाक्षी चौक के पास कचरे का ढेर सड़क पर सुबह सुबह देखा जा सकता है। वहीं एनएमव्ही कॉलेज के पास भी कचरे का ढेर कई स्थानों पर नजर आता है। जिसमें साफ तौर पर दुकानदारों की ही लापरवाही नजर आती है। इसी प्रकार नर्मदा के घाट सेठानीघाट को छोड़कर अन्य घाटों पर लोग बेझिझक पॉलीथिन और अन्य कचरा करके आसानी से चले जाते हैं।

### इधर मीट मार्केट की दुकानों को लायसेंस प्रक्रिया जारी

सरकार के फरमान के बाद नर्मदापुरम में भी मीट दुकानों के लायसेंस की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि दुकानों से मीट पर्दे की आड़ में कुछ दुकानदार बेंच रहे है। इधर नगर पालिका में दो दिनों के अंदर करीब 80 लायसेंस बनवाने आवेदन दिए गए है जिसमें से 60 से अधिक को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके है। लेकिन मीट मार्केट के लिए अभी तक जगह चिन्हित नहीं की जा चुकी है। इस प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श जारी है।

### बादलों की चहल कदमी से रात का पारा उछला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचिश्मी विक्षोभ और हवाओं की दिशा में परिवर्तन के कारण मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिला। हालांकि नर्मदापुरम में दिन के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज हुई ओर पारा 26 डिसे दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.4 डिसे कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान में 1.9 डिसे की बढ़त आई तापमान 12.9 डिसे रहा जो सामान्य से 1.5 डिसे अधिक था। इसी प्रकार हिल स्टेशन पचमढ़ी के अधिकतम पारे में 1 डिसे की बढ़त दर्ज हुई ओर पारा 23.8 डिसे पर जा ठहरा। वहीं रात के पारे में 1.6 डिसे का उछाल आया ओर तापमान 7.6 डिसे रहा। जिसमें 1.4 डिसे की बढ़त आई है। हालांकि पश्चिम विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के बाद तापमान में तेजी से गिरावट की आशंका है।

## गुणवत्ताहीन सामग्री का हो रहा पुराने बस स्टैंड में उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका से महज 5 मिनट की दूरी पर पुराने बस स्टैंड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों की चुप्पी की वजह से भ्रष्टाचार की भेट चढ़ता नजर आ रहा है।

विभाग के द्वारा करोड़ो की लागत से कराये जा रहे कार्य मे ठेकेदार की मनमानी के चलते गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग कर शासन प्रशासन को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार होने का अनुमान है।

### गिट्टी की जगह डस्ट ओर बारीक गिट्टी

सूत्रों के मुताबिक निर्माण कार्य मैं गिट्टी की जगह डस्ट ओर बारीक गिट्टी सहित पास की नदी से लाई गई बारीक मिट्टी जैसी घटिया क्वालटी की बालू एवं बिना घटिया इस्तर के बेस पर सड़क बनाई जा रही है। वही जिम्मेदार इस मामले में गैरजिम्मेदार रवैया अपना रहे है। अधिकारियों की लंबी नींद की वजह से ठेकेदार मनमाना निर्माण कार्य करवा रहा है। इस मामले में नपा इंजीनियर महेन्द्र तोमर ने बताया कि मटेरियल अच्छी गुणवत्ता उपयोग किया जा रहा है। यदि शिकायत आ रही तो इसको पुनः चेक कर गुणवत्ता में सुधार लाया जाएगा।

## 'भगवान का ह्रदय ही गीता है, इसमें बैठने वाली ब्रह्म विद्या सबका कल्याण करने वाली है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रीमद्भागवत और जीवन मुक्ति विषय पर गुरूवार से तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव की शुरूआत सेठानी घाट स्थित तिलक भवन में हुई। गीता जयंती महोत्सव के वक्ता ऋषिकेश उत्तराखंड से पधारे श्री अभिषेक चैतन्य गिरि जी महाराज रहे। जिनके मुखारविंद से श्रीमद्भगवत गीता की ज्ञान गंगा बही। कार्यक्रम की शुरूआत के पहले पूज्य वक्ता ने प्रेसवार्ता में बताया कि आज के समय में भगवत गीता की क्या प्रासंगिकता है। जिसके जबाव में उन्होंने बताया कि इसके लिए आपको भगवत गीता का वहीं युद्ध वाला क्षण और निर्णायक युद्ध को याद करना होगा कि जहां अर्जुन निराशा से भरा होता है और भगवान श्रीकृष्ण उसे अपने ज्ञान से पुनः जीवित करते है।




उन्होंने बताया कि जहां अर्जुन के हाथों से बाण फिसल रहे थे और भगवत गीता का प्रभाव यह हुआ कि अर्जुन पुनः धनुष और बाण को अपने कंधे पर धारण कर लेता है। इसके अलावा भी उन्होंने बताया कि इस गीता जयंती महोत्सव के आध्यात्म जागरण को शर्मा परिवार करीब 70 वर्षों से निभा रहा है। श्री अभिषेक चैतन्य गिरि जी महाराज बताया कि केंद्रीय विषय श्रीमदभगवद्गीता और जीवन मुक्ति पर प्रवचन करते हुए कहा कि श्री मधुसूदन सरस्वती अद्वितीय विद्वान हुए ,वे शंकराचार्य जी भी परंपरा के विद्वान रहे हैं , वे गीता की स्थिति, प्रार्थना करते हैं ,वह गीताध्यान की व्याख्या करते हुए कहते हैं कि भगवान का ह्रदय ही गीता है , इसमें बैठने वाली ब्रह्म विद्या सबका कल्याण करने वाली है , वह गीता को मां कहते हैं वे मां की व्याख्या करते हुए कहते हैं कि गीता मां इस संसार से छुड़ाने वाली है, हे मां मैं तुम्हारे एक-एक श्लोक का अनुसंधान ध्यान निदिध्यासन करता हूं, ईश्वरः सर्वभूतानां - ईश्वर हर प्राणी के ह्रदय में रहते हैं उसे ईश्वर के ह्रदय में गीता है प्रत्येक प्राणी द्वैत से पीड़ित है , हर एक स्थान पर द्वंद व्यक्ति का पीछा करता है। कार्यक्रम में भवानी शंकर शर्मा , गिरिजा शंकर शर्मा आचार्य पं सोमेश परसाई , राकेश फौजदार, आशीष अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, अजय सैनी, रामसेवक शर्मा, शिव दीक्षित सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खगोलीय घटना, मकर रेखा से सूर्य का सामना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सूर्य किरणें शुक्रवार को भारतीय समयानुसार सुबह 8 बजकर 57 मिनिट पर मकर रेखा पर लबंवत होने के बाद यह कर्क रेखा की ओर अपनी वापसी यात्रा आरंभ कर रही है। इस कारण उत्तरी गोलार्द्ध के शहरो में आज दिन सबसे छोटा और रात सबसे लंबी होगी। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि आज विंटर सोलस्टिस का अवसर है जिसमें अनेक खगोलीय तथ्य समाये हुये हैं। सारिका ने बताया कि पृथ्वी के अपने अक्ष पर झुके हुये सूर्य की परिक्रमा करते रहने के कारण सूर्यकिरणों का कोण किसी स्थान के लिये बदलता रहता है। उत्तरी गोलार्द्ध में अब तक सूर्य दक्षिण दिशा में जाता महसूस हो रहा था। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो आज



8 बजकर 57 मिनिट के बाद सूर्य का उत्तरायण आरंभ हो चुका है। विंटर सोलस्टिस की यह खगोलीय घटना 20, 21 ,22 या 23 दिसम्बर को हो सकती है। लेकिन 20 या 23 दिसम्बर को यह कम ही होती है। 23 दिसम्बर को यह 2303 में होगी। तो मनाईये प्रकृति द्वारा दिये आज के सबसे छोटे दिन और लंबी रात को।

## मधुबन अस्पताल में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मधुबन अस्पताल एवं ट्राइडेंट फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 19 एवं 20 दिसंबर को सेंट फ्रांसिस कॉन्वेंट स्कूल बुधनी में किया गया। जिसमें स्कूल के लगभग 750 बच्चों एवं शिक्षकों तथा वहाँ के मैनेजमेंट स्टाफ का मुफ़्त स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और निःशुल्क स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। जिसमें 6 माह तक निशुल्क ओपीडी परामर्श मधुबन अस्पताल बुधनी में किया जायेगा। शिविर में मधुबन अस्पताल के डायरेक्टर डॉ सीए हैरिसन जनरल सर्जन, डॉ प्रशंशा सदाशिव एमडी मेडिसन, डॉ प्रीति पवार स्त्री एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ आईएच काशिफ दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ पुनीत पाठक सहित डॉ राकेश नाग उपस्थित रहे। मधुबन अस्पताल एवं ट्राइडेंट फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भविष्य मे भी किए जाते रहेंगे।

### सशक्त भारतीय विषय पर परिचर्चा आयोजित



**नर्मदापुरम।** होमसाइंस कॉलेज में गुरूवार को ''सशक्त भारतीय विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। विकसित भारत 2047 की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में छात्राओं ने विकसित भारतीय पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने कहा कि यह छात्राएँ ही है जो सशक्त भारतीय के रूप में कल देश और समाज की बागडोर संभालेंगी। अतः परिचर्चा का विषय अत्यंत सामयिक है। छात्राएं सशक्त एवं शिक्षित होगी तभी राष्ट्र,समाज, परिवार सशक्त एवं सुदृढ़ होगा। पढ़ती नारी, बढ़ता राष्ट्र की थीम पर वर्तमान शिक्षा पद्धति आधारित है। निर्भीक, स्वाभिमानी नारी सशक्त भारतीय समाज का आधार स्तंभ बनेंगी।

## निर्मल नर्मदा की थीम पर आयोजित होगी इस बार रन नर्मदापुरम रन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

निर्मल नर्मदा की थीम पर अतुल्यम वेलफेयर सोसाायटी द्वारा 25 दिसंबर को रन नर्मदापुरम रन का आयोजन किया जा रहा है। इस दौड़ की खासियत है कि यह स्वच्छता के प्रति आमजनों को प्रोत्साहित भी करेगी। इसी दौड़ के अंतर्गत शुक्रवार को सेठानी घाट पर स्वच्छता कार्य भी किए जाएगे। सोसायटी के उपाध्यक्ष कुश खंडेलवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मिलित होने प्रतिभागी को सोसायटी की और से टी शर्ट, अंकुरित आहार व सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएगे। गुरूवार को प्रेसवार्ता में सोसायटी के सदस्यों ने रन नर्मदापुरम रन की जानकारी दी। समिति के अध्यक्ष भारत भदोरिया ने बताया कि 5 किमी की दौड़ पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर मीनाक्षी चौक,




सतरास्ता, जयस्तंभ चौक, गांधी चौक, सर्किट हाउस चौराहा,कोठी बाजार,कलेक्ट्रेट,एसपी बंगला होते हुए पुलिस परेड ग्राउंड में संपन्न होगी।

प्रतियोगिता की कुल पुरूस्कार राशि 40 हजार रूपए रखी गई है। जिसमें 5 किमी दौड़ में पुरूष वर्ग में 6 हजार रूपए प्रथम और द्वितीय 4 हजार दिए जाएगे। साथ ही 15 साल से कम उम्र वाले प्रथम 2 विद्यार्थियों को एक हजार व द्वितीय को 500 रूपए इनाम मिलेगा। 60 वर्ष से अधिक उम्र के 2 धावकों को ट्रॉफी एवं मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

### कथा के समापन पर बोले डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री

## 'प्रेम से भगवत की प्राप्ति होती है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बाईराम आश्रम बांद्राभान में पांच दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ समापन। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। समापन के दिन कथावाचक डॉक्टर अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि आपका प्रेम मात्र एक साधन है जो आपको भगवत प्राप्ति करा देता है। राम कथा सभी रोगो का निवारण करने वाली औषधि है। अपने श्रीमुख से कहा कि माता-पिता बचपन से ही अपने बच्चो को संस्कार दे ताकि वह बड़े होकर उनका कहना माने। बच्चों को धार्मिक आस्था से जोड़ना माता - पिता का काम है। श्रीराम कथा सभी रोगो का निवारण करने वाली




औषधि है उन्होंने कहा की हम सभी को अहंकार, लोभ, क्रोध, लालच और पापो से दूर रहने के लिए श्रीराम कथा का श्रवण करना चाहिए। पूज्य महाराज जी ने कहा की सारे पाप तीर्थ स्थान पर जाकर नष्ट हो जाते हैं पर तीर्थ स्थान पर किये हुए पाप कभी नष्ट नहीं होते। साथ ही उन्होंने कहा कि सफलता का एक ही मन्त्र हैं कि जो बड़े कहे आप उनकी बात माने जैसा कि हमें राम और लक्ष्मण के चरित्र से देखने को मिलता हैं लक्ष्मण जी अपने से बड़े भाइयों व बड़ो कि सब बाते मानते थे। ये सीख हम पूज्य महाराज जी ने श्रीराम कथा के दौरान सिखाई। संगीतमयी श्रीराम कथा बाईराम आश्रम (उत्तर तट) बांद्राभान में आयोजित की गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में माताएं बहने बुजुर्ग युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। साथ ही गोपाल प्रसाद खड्डूर, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दशरथ सिंह चौधरी, माधवाराम भाजपा जिला अध्यक्ष माधव अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष रोहित गौड़, मंडल अध्यक्ष विवेक यादव, भगवती चौरे, राजेंद्र सिंह पूर्व विधायक बुधनी, पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश वेयरहाउस, विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर, महेश उपाध्याय अध्यक्ष सलकनपुर देवी मंदिर ट्रस्ट, अशोक सिंह, शिवनारायण मालवीय, मनोहर सिंह राजपूत, अजयपाल सिंह (बल्लू भैया) सहित अन्य श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## चित्रकला स्पर्धा में ऊर्जा संरक्षण का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड वृत्त नर्मदापुरम द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह 14 दिसंबर से 21 दिसंबर तक मनाया गया। जिसमें ऊर्जा संरक्षण जागरूकता के लिए गुरूवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में सत्यम फाउंडेशन स्कूल रसूलिया द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी उपमहाप्रबंधक सुमित अग्रवाल रहे। प्रतियोगिता में 70 बच्चे शामिल हुए। जिसमें प्रथम पुरस्कार रिया सिंह कक्षा 7वीं, द्वितीय पुरस्कार प्रत्युष राजपूत कक्षा 5वीं एवं तृतीय पुरस्कार मयूरी सोलंकी को मिला, जिन्हें स्मृति चिन्हं और नगद राशि भेंट की गई। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महाप्रबंधक बीबीएस परिहार ने ऊर्जा संरक्षण करना एवं नवकरणींय ऊर्जा के स्त्रोतों को अपनाना भविष्य की नई पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक हैं इसकी जानकारी दी।

## संत तारण तरण मंडलाचार्य की जयंती धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आराध्य गुरू संत तारण तरण मण्डलाचार्य की 575 वीं जन्मजयंती पर आदर्श महिला क्लब ने गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत धूम धाम से मनाया। क्लब की अध्यक्ष नीरजा फौजदार ने बताया कि



आराध्य गुरू संत तारण तरण मण्डलाचार्य की 575 वीं जयंती पर आदर्श महिला क्लब ने क्लब की सदस्यों ने मिलकर सामूहिक भजन गाये एंव धार्मिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सामूहिक नृत्य कर गुरू बाबा की आराधना की। तदुउपरॉंत भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर निधी जैन एवं अरमान जैन के सौजन्य से किया गया। आयोजन में संध्या महंत, नीरजा फौजदार, श्वेता जैन, नीता ओशीन, ज्योति जैन कल्पना समैया , नीता गिल्ला, प्रीति मंहत, सारिका जैन, कामनी गिल्ला, अनामिका जैन , भारती शर्मा , अंजू ओशीन, सारिका डेरिया, निधी जैन, अरमान जैन, संगीता डेरिया, आराधना जैन आदि उपस्थित थी सभी ने बहुत उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### सुशासन की शपथ आज

**सारनी।** राज्य शासन के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में 22 दिसम्बर को सुशासन की शपथ लेंगे। राज्य शासन द्वारा 23 एवं 24 दिसम्बर को शनिवार एवं रविवार का शासकीय अवकाश होने के कारण सुशासन की शपथ 24 दिसम्बर के स्थान पर 22 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे दिलाई जाने का निर्णय लिया गया।सभी शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने- अपने कार्यालयों में सुशासन की शपथ लेंगे। उल्लेखनीय हैं कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके सम्मान में उनके जन्मदिन 25 दिसम्बर के एक दिन पूर्व सुशासन दिवस के रूप मे मनाया जाता हैं।

### पुतला दहन किया गया

**शाहपुर।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद द्वारा भारत के उपराष्ट्रपति की मिमिक्री निकाल कर उपराष्ट्रपति के पद की गरिमा को धूमिल करने का काम किया गया है। जिस घटना के विरोध में आज अपरान्ह 2.00 बजे नया बस स्टैंड शाहपुर पर कल्याण बनर्जी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष कुमरे, अमित महतो, चम्पालाल बडौदे, वरिष्ठ नेता अनिल जैन, ओमप्रकाश गुप्ता, सुधीर त्रिवेदी, अभय जैन, विनोद मौरे, सतीश पाटले, तन्मय ठाकुर, कपिल प्रधान, विनोद साहू, अशोक बरखने, राहुल साहू, सुरेश उइके सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### रविवार को लगेगा शिविर

**बैतूल।** स्वर्गीय जी.डी. खंडेलवाल मेमोरियल ट्रस्ट बैतूल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निःशुल्क रोगनिदान महाशिविर का आयोजन अगामी रविवार 24 दिसम्बर 2023 को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक होटल आभाश्री, सिविल लाइन, कॉलेज रोड, गंज बैतूल में होने जा रहा हैं। जिसमें जोड़ों के दर्द, शुगर (डायबिटीज), ब्लड प्रेशर का कम या ज्यादा होना, कोलेस्ट्रॉल, चर्म रोग, रीढ़ की हड्डी से संबंधित बीमारियों की जांच एवं इलाज हेतु नागपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अभिनव केसकर, डॉ. अमित निकमं एवं डॉ. अक्षय दलाल के द्वारा परामर्श दिया जायेगा।

### जांच, उपचार शिविर कल

**बैतूल।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा दिल्ली एवं युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में जिला स्तरीय विशाल जांच उपचार परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन शनिवार को सदर स्थित रैन बसेरा के पास स्थित अंबेडकर भवन में आयोजित किया जाएगा । आयोजन समिति प्रमुख गोपाल साहू एवं अजय जीतपुरे ने बताया कि इस शिविर में स्त्री रोग, हड्डी रोग, उदर रोग, नेत्र रोग, मुख रोग, पंचकर्म आयुर्वेद चिकित्सा, नाक कान गला रोग सहित सभी बीमारियों का निशुल्क जांच उपचार परामर्श एवं ऑपरेशन किए जाएंगे।

### अनाजों पर कार्यशाला

**बैतूल।** मोटे अनाज के महत्व पर विवेकानंद महाविद्यालय नेहरू युवा केंद्र द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला उपसंचालक कृषि विभाग के अनंत कुमार, बीबीएम कॉलेज प्राचार्य डॉ.खासदेव के आतिथ्य में और जिला युवा अधिकारी केके उरमालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अनंत कुमार द्वारा अनाजों से शरीर को प्राप्त होने वाले विटामिन, प्रोटीन व अन्य तत्वों की विस्तृत जानकारी दी।

### प्रतियोगी हुए पुरस्कृत

**बैतूल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कंपनी महाप्रबंधक विनोद भदौरिया एवं प्रबंधक धीरज कुमार चौरे, द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उत्कृष्ट विद्यालय के 11 वी की छात्रा कु. तुलसी सरले ने पाया, वही पी. एम. शा. विद्यालय की 11 वी की छात्रा कु. हुमा शेख ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कु. आयुषी खातरकर शा. कन्या शाला गंज की 12 वी की छात्रा तृतीय स्थान पर रही। म. प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लिंक रोड टिकारी स्थित अपने संयुक्त कार्यालय में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ।

---

### जय स्तंभ चौक पर युवक ने लगाई खुद की दुकान में आग, हड़कंप के बाद पुलिस ने दबोचा

# अपनी जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंची मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी







मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की भूमि पर अतिक्रमण का सिलसिला लगातार बढ़ते जा रहा है। इसको लेकर समाचार प्रकाशित किया गया था जिसे मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को 11 बजे के लगभग दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण कारियो को अपनी गुमटी नुमा दुकानों को हटाने के लिए कहा गया जिस पर कुछ लोगों ने तो बात मान ली लेकिन एक युवक के द्वारा अपने ही दुकान के अनुपयोगी सामान पर आग लगाकर सुरक्षा कर्मियों को घेरने का प्रयत्न किया लेकिन मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सुरक्षा विभाग सिविल विभाग के आला अधिकारियों की सूझबूझ के साथ स्थानिय पुलिस प्रशासन के माध्यम से अतिक्रमण करने वाले युवक के माध्यम से दबाव बनाने का जो प्रयत्न किया जा रहा था वह सफल नहीं हो पाया पुलिस के माध्यम से युवक को दबोच कर थाने ले गए बताया जाता है की सारनी के जय स्तंभ चौक पर लगातार अतिक्रमण का सिलसिला दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

रातों-रात लोहे की गुमटी नुमा दुकान लगाकर इसे 40 से 50 हजार रुपये की लागत में बेचने का धंधा भी किया जा रहा है। ज्यादातर लोगों ने अस्थाई तौर से घूमती नुमा दुकान बनाकर इसे एक हजार से दो हजार रुपये प्रति माह के किराए पर देने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। जबकि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल विभाग के माध्यम से जो नियम अनुरूप आवंटित दुकान है उन दुकान का किराया भी सिविल विभाग को नहीं मिल पाता है ऐसे में अतिक्रमण कारियो के हौसले को तोड़ने के उद्देश्य से सिविल एवं सुरक्षा विभाग के माध्यम से गुरुवार को जो कार्रवाई की गई है उसकी क्षेत्र में भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही।बताया जाता है की जय स्तंभ चौक से लेकर केंद्रीय विद्यालय तक लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा अतिक्रमण करके दुकान निर्माण करने का कार्य किया गया है। समाचार प्रकाशित होने के बाद मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सुरक्षा अधिकारी एस भार्गव सिविल विभाग के अधिकारीगण मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण कारियो को पहले तो उन्होंने हटाने के लिए कहा लेकिन जब एक युवक के द्वारा दुकान में आग लगाकर माहौल को खराब करने का प्रयत्न किया गया तो जितने भी अस्थाई अतिक्रमण जो हाल फिलहाल में हुए हैं। उसे हटाने के बाद अन्य अतिक्रमण कार्यों को उनके माध्यम से किए गए अस्थाई अतिक्रमण को 10 दिन का समय देकर अतिक्रमण तोड़ने वाले दल वापस आ गया है।

**खबर का असर**

#### एमडी और ऊर्जा सचिव को अतिक्रमण की गई शिकायत

*मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी में 660 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल इकाई मार्च के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा ऐसी स्थिति में लगातार जय स्तंभ चौक के दोनों तरफ अस्थाई अतिक्रमण किए जाने का सिलसिला बा-दस्तूर जारी था ऐसी स्थिति को देखते हुए क्षेत्र के श्रमिक संगठनों और सम सामाजिक विषय पर काम करने वाले लोगों के माध्यम से मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के एमडी जबलपुर और ऊर्जा सचिव संजय दुबे को लिखित शिकायत देकर अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई है। बताया जाता है कि अस्पताल प्रांगण के आसपास केंद्रीय विद्यालय के समीप तक दो दर्जन से अधिक दुकानें अतिक्रमण करके बना ली गई है और इन दुकानों में अस्थाई मीटर कनेक्शन भी दे दिया गया है ऐसी दुकानों को चिन्हित करके इन इन्हें तोड़ने की कार्रवाई के आदेश मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के एमडी एवं ऊर्जा सचिव के माध्यम से दिया गया था और गुरुवार को उसी के अंतर्गत सिविल एवं सुरक्षा विभाग के माध्यम से कार्रवाई की गई है। बताया जाता है कि 10 दिनों के बाद केंद्रीय विद्यालय आदर्श गायत्री स्कूल के सामने से लेकर जय स्तंभ के दोनों तरफ जो भी अस्थाई अतिक्रमण है वह सभी अतिक्रमणों को हटाने का कार्य किया जाएगा। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल विभाग और सुरक्षा विभाग के माध्यम से राजस्व विभाग के आल्हा अधिकारियों से अतिक्रमण हटाने में सहयोग भी लिया जाएगा।*

---

# प्रशासन ने हटाए धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर

### तहसीलदार अनामिका सिंह, थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा व नगर प्रशासन की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



मध्य प्रदेश शासन के निर्देश पर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर लगे अतिरिक्त लाउडस्पीकर को हटाने की कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। जिसके तहत आज मुलताई तहसीलदार अनामिका सिंह एवं थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा एवं नगर प्रशासन का हमला नगर के धार्मिक स्थलों पर पहुंचा जहां मंदिर मस्जिदों पर लगे अतिरिक्त लाउडस्पीकर को हटाया गया ।प्रशासनिक अमला सर्वप्रथम ताप्ती मंदिर पहुंचा, जहां पर उन्होंने दो लाउडस्पीकर में से एक को हटाने के लिए कहा, जिस पर मंदिर प्रशासन द्वारा स्वयं ही एक लाउड स्पीकर को हटा लिया गया। जिसेक बाद राम मंदिर में लगे दो स्पीकरों में से एक लाउडस्पीकर को हटाया गया। प्रशासनिक अमला गजानन मंदिर, गायत्री मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर, बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंदिर होते हुए जामा मस्जिद पहुंचा। जहां मज्जिद पर लगे एक से अधिक लाउड स्पीकर को हटा लिया गया। उक्त कार्यवाही के संबंध में तहसीलदार अनामिका सिंह द्वारा बताया गया कि प्रशासनिक आदेश के बाद कार्रवाई की जा रही है बैठक लेकर सभी को लाउडस्पीकरों का नियंत्रित आवाज में उपयोग करने के लिए कहा गया था, जल्द ही नगर पालिका द्वारा साउंड नापने के लिए डेसीबल मीटर खरीदा जा रहा है इसके बाद अधिक साउंड में लाउडस्पीकर का उपयोग करने पर चालानी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

#### प्रशासनिक निर्देशो का पालन हो पाना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं

*मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग की ओर से 13 सितंबर 2023 को जारी आदेश क्रमांक एफ 44-02/2015/2/31 में उल्लेखित ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम 2000 यथा संशोधित के नियम 3(1) व 4 (1) के अनुसार नियमावली के शेड्यूल के अंतर्गत इंडस्ट्रियल एरिया में दिन के समय 75 और रात के समय 70 डीबी लिमिट निर्धारित है, वहीं कमर्शियल एरिया में दिन के समय 65 और रात में 55 डीबी, रेसीडेंशल एरिया में दिन के समय 55 और रात के समय 45 डीबी जबकि साइलेंस जोन में दिन के समय 50 और रात के समय 40 डीबी लिमिट दर्शाई गई है। हालांकि मोबाइल फोन मैं उपलब्ध साउंड मापने के लिए डेसीबल मीटर और ऑनलाइन उपलब्ध सुविधाओं से जब सामान्य सड़क पर साउंड नापा गया तो यह 80 डीबी से 100 डीबी तक दिखाई दिया। जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रशासनिक आदेश का परिपालन व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है।*

---

### राष्ट्र के लिए सामूहिक गायत्री महामंत्र का जाप

**ग्राम देव भिलाई में किया आयोजन**

# ताप्ती जल शक्ति कलश के सानिध्य में कर रहे उपासना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



प्रभात पट्टन विकास खंड के ग्राम देव भिलाई में होने वाले पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के लिए ग्राम के गायत्री परिवार के भाई बहनों के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ मुलताई से मां ताप्ती जल कलश का पूजन कर ग्राम देव भिलाई लेकर गए जिसके सानिध्य में संपूर्ण ग्रामवासी उपासना साधना कर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं पंच कुंडी गायत्री यज्ञ कर राष्ट्र के सुख शांति एवं सौभाग्य के लिए गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र से पंच कुंडी हवन कर प्रार्थना करेंगे। इस शक्ति कलश के सानिध्य में प्रतिदिन ग्रामवासी सुबह एवं शाम एक-एक घंटा सामूहिक गायत्री महामंत्र का जाप कर राष्ट्र के सुख शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं साथ ही 2026 में मातृशक्ति एवं अखंड दीप शताब्दी वर्ष के अनुयाज के क्रम में साधना आराधना उपासना का क्रम गायत्री परिवार के सदस्य निरंतर चल रहे हैं इसी तारतम्य में 25 दिसंबर से 28 दिसंबर तक पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन देव भिलाई में संपन्न होने जा रहा है शक्ति कलश ले जाने में ग्राम देव भिलाई के कौशल किशोर मकोड़े ओमप्रकाश साहू सोहन साहू,चंद्रकला मकोड़े,सुशीला बाई, बुंदा मकोड़े,निर्मला साहू,ऋतु साहू ,सुभाष मस्की सहित ग्राम के भाई-बहन उपस्थित थे एवं गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता संपतराव धोटे , टी के चौधरी,योगेश साहू ,नारायण देशमुख मनोहर बडघरे, यादोराव निंबालकर, अमृतलाल बारंगे, श्यामराव बारस्कर आदि ने दिव्य ताप्ती जल कलश का पूजन कर ग्राम वासियों को शक्ति कलश प्रदान किया।

---

# उपचुनाव में भाजपा से बेबी मनोज ठाकुर आज भरेगी नामांकन

### वार्ड 14 उपचुनाव भाजपा की मंडल बैठक संपन्न





**सारनी।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 14 में उपचुनाव की तैयारी पूरी हो गई है कांग्रेस भाजपा सहित अन्य लोग भी वार्ड क्रमांक 14 से अपने प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरने दिखाई दे रहे हैं।

गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया।वार्ड क्रमांक 14 के उप चुनाव को लेकर भाजपा मंडल सारनी ने मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम के नेतृत्व व जिला महामंत्री कमलेश सिंह,झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक रजीत सिंह,नपाध्यक्ष किशोर बरदे,उपाध्यक्ष जगदीश पवार वरिष्ट भाजपा नेता जीपी सिंह मंडल महामंत्री प्रकाश शिवहरे के आतिथ्य में बैठक सम्पन्न हुई।जिसमें बड़ी संख्या में वार्ड के गणमान्य नागरिक व भाजपा कार्यकर्तागण शामिल थे।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा की मनोज ठाकुर भाजपा के लिए समर्पित व सेवाभावी पार्षद थे। हमेशा वार्ड के विकास और जनता के उत्थान के कार्य में लगे रहते थे असामयिक देहावसान रिक्त हुई पार्षद की सीट पर चुनाव आयोग के निर्देश पर चुनाव हो रहे है। बैठक को संबोधित करते हुए झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक रंजीत सिंह ने कहा की वार्ड क्रमांक 14 के उपचुनाव मे भारतीय जनता पार्टी ने दिवंगत पार्षद मनोज ठाकुर की धर्म पत्नी बेबी मनोज ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है पूर्व में भी बेबी मनोज ठाकुर भाजपा से पार्षद रह चुकी है। पुनः बेबी मनोज ठाकुर को भाजपा का उम्मीदवार बनाया जाना तय हुआ है। निश्चित रूप से बेबी मनोज ठाकुर भाजपा के विकाश के एजेंट को आगे बड़ाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि मनोज ठाकुर को सच्ची श्रद्धांजलि उपचुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक वोट से विजय दिलाने से मिलेगी। बैठक में प्रमुख रूप से डा गणेश पाल, मुकेश जायसवाल, अमीत अग्रवाल,दिलीप विश्वकर्मा,पप्पू मानकर, नीरज साहू,सुरज वर्मा, नरेश पासवान,देवेन्द्र पवार,संपत पवार, सरोज विश्वकर्मा,शिबू सिंह,प्रकाश डेहरिया,रमेश खवसे विनय मदने,भीम बहादुर थापा,मुकेश यादव, राकेश बारगे,बिज्जू वानखेडे,परमेश्वर नागले गणेश मस्की,विलाश चौधरी,राकेश अमित जायसवाल,अजय साकरे,संतोष रघुवंशी , चेतन गुप्ता,राहुल कापसे,संजीत चौधरी, अमीत ठाकूर,सरोज ठाकूर,पुनम शुक्ला, नीलू बिहारे,राहुल वरदे, आर डी सुर्यवशी,राजा विश्वकर्म आदि मौजूद थे।

---

# डॉ. भट्ट एवं परिहार को मिला अतिरिक्त प्रभार

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ.रविकांत उईके ने डॉ.अरविंद भट्ट को जिला स्वास्थ्य अधिकारी (मातृ स्वास्थ्य) तथा डॉ.राजेश परिहार को जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। उल्लेखनीय है कि डॉ.मनोज हुरमाड़े का भोपाल स्थानांतरण होने से बैतूल जिले में जिला स्वास्थ्य अधिकारी का पद रिक्त था। प्रशासकीय कार्य व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन की दृष्टि से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.अरविंद भट्ट को जिला स्वास्थ्य अधिकारी मातृ स्वास्थ्य का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी तरह जारी एक अन्य आदेश में बैतूल जिले में जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी का पद लंबे समय से रिक्त था।

#### मतदान हेतु कराएं अपना नाम दर्ज

निर्वाचन कार्यालय द्वारा फोटो निर्वाचन नामावली का संक्षिप्त पुनरीक्षण करने के लिए सभी शासकीय अद्र्ध शासकीय एवं सार्वजनिक उपक्रमों में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी अपना नाम पदस्थापना स्थल संबंधी विधानसभा की निर्वाचन सूची में दर्ज कराए जायेंगे।

---

### भाजपाइयों ने फूंका टीएमसी सांसद का पुतला

# लोकतंत्र का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगाः कमलेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



भारत के उपराष्ट्रपति जयदीप धनकड़ की मिमिक्री निकालने वाले टीएमसी सांसद के खिलाफ भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने पाथाखेड़ा न्यू मार्केट चौक पर टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी का पुतला दहन किया।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने टीएमसी एवं कांग्रेस के खिलाफ भी जमकर नारे बाजी की एवं उपराष्ट्रपति का उपहास उड़ाने वाले टीएमसी नेता के खिलाफ एफआईआर। दर्ज करने की मांग की गई है।प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति का पद गरिमापूर्ण है। एक सांसद द्वारा इस पद पर बैठे व्यक्ति का उपहास उड़ाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। टीएमसी सांसद ने लोकतंत्र की मर्यादा को तोड़ा है।भाजपा इसे बर्दाश्त नही करेगी।नपा अध्यक्ष किशोर वरदे ने कहा कि टीएमसी सांसद जब उपराष्ट्रपति मिमिक्री कर रहे थे तो राहुल गांधी उसका वीडियो बना रहे थे। उपराष्ट्रपति के अपमान में कांग्रेस भी पीछे नही।भाजपा नेता रजीत सिंह ने कहा कि टीएमसी सांसद के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना चाहिए। इनके खिलाफ अपराध पंजीबद होगा तो इस तरह की घटना की पुर्नवृत्ति दोबारा कोई भी पार्टी का सांसद नहीं करेगा और इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति का पद महत्वपूर्ण और गरिमा में है।

---

### सारनी पाथाखेड़ा और शोभापुर में नगर पालिका ने जलाए अलाव

# कड़ाके की ठंड के बीच नगर पालिका ने चौक-चौराहों पर जलाए अलाव, नपाध्यक्ष ने वितरित किए कंबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी







नगर पालिका परिषद सारनी ने कड़ाके की ठंड के बीच नगर पालिका क्षेत्र में शासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर अलावा जला दिए हैं। इसके अलावा जरूरतमंदों को चिन्हित कर नगर पालिका अध्यक्ष ने कंबल भी वितरण करने का कार्य किया है। प्रदेश शासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद ने शासन द्वारा पूर्व से चिन्हित किए गए स्थानों पर अलावा जला दिए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम ने बताया कि नपा के मैदानी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे सतत सर्वे कर रात में खुले स्थानों पर सो रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए। इसके अलावा रात को सर्वे कर चिन्हित किए गए जरूरतमंदों को कंबल भी बांटे गए। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने उन्हें कंबल सौंपे। नगर पालिका के सेनेटरी इंस्पेक्टर केके भावसार ने बताया कि सारनी, पाथाखेडा,शोभापुर तीनों क्षेत्रों के सुरपरवाइजरों को निर्देशित किया गया है कि वे रात के समय सतत क्षेत्रों में निगरानी करें। जरूरत मंदों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाकर उन्हें चिन्हित करें।ताकि उनकी मदद की जा सकें।उन्हें निर्देशित किया गया है यदि आवश्यता हो तो जरूरतमंदों को नेकी की दीवार से प्राप्त गर्म कपड़े भी उपलब्ध कराए जाएं। विशेषकर बस स्टैंड,चौक-चौराहों पर निगरानी रखी जाएं। यदि कोई व्यक्ति खुले में रात बीता रहा है तो उसकी मदद करें। नपा द्वारा चिन्हित स्थानों पर उन्हें पहुंचाएं। ताकि वे खुले में रात ना बिताए। कलेक्टर के आदेश के बाद नगर पालिका परिषद सारनी के माध्यम से गिनती के स्थान पर अलाव जलाने का कार्य किया गया है जबकि महत्वपूर्ण जगह जहां पर यात्रियों के रुकने की व्यवस्था नहीं है ऐसे स्थान पर अलाव जलाने का कार्य नगर पालिका के माध्यम से किया जाना चाहिए।

### महिलाओं ने शोर मचाया तो भागे पांच बदमाश, टीआई ने मामला संज्ञान में लेकर किया निरीक्षण

# बदमाशों ने रात ढाई बजे डोरबेल बजाकर कहा-दरवाजा खोलो, हम पुलिस वाले हैं

**इटारसी में महिलाओं की सर्तकता से डकैती की घटना टल गई। महिलाओं के शोरगुल के बाद आसपास के व्यक्ति और पुलिस मौके पर पहुंचे। हालांकि बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बुधवार रात न्यूयार्ड स्थित एक मकान में घुसने की कोशिश करते 5 नकाबपोश बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए। घटना बीती रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। बदमाश घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे, उस दौरान घर में केवल महिलाएं मौजूद थीं। शोर मचाने के बाद पांचों बदमाश मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि पांचों बदमाश अपने चेहरे पर नकाब डाले हुए हैं और हाथों में चाकू लिए हैं। इसके बाद नकाबपोश चोरी डकैती या लूट की नीयत से दीवार फांदकर गैलरी में कूदते और आसपास के घरों के पहले बाहर से कुंडिया बंद करते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने दरवाजा खटखटाकर कहा, हम पुलिस हैं, आपके घर में कोई है? घर में मौजूद महिलाएं समझदारी दिखाते हुए बोलीं, आप सुबह आना। इटारसी थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि महिलाओं ने इसकी शिकायत पुलिस में नहीं दर्ज कराई है। लेकिन मामला गंभीर होने के चलते जानकारी लगते ही मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे। महिला सुकुनबाई ने बताया, बदमाशों ने दरवाजे पर लगी घंटी बताई तो हमने पूछा कि कौन है? जवाब आया कि पुलिस आई है। हमने पूछा कि पुलिस है तो इतनी रात को क्यों आई? सुबह आना। फिर बाहर खड़े बदमाशों ने कहा, सुबह नहीं.. तुम्हारे घर पर कोई है। हमने कहा, कोई भी हो, हम दरवाजा लगाकर सो रहे हैं। उन्होंने बोला दरवाजा खोल रहे हो कि हम अंदर आएं? हमने कहा ऐसे कैसे अंदर आओगे, रुक जाओ मैं बुलाती हूं अपने भाई को और फिर दरवाजा खोलती हूं। उठकर लाइट जलाई और बेटी से मामा को कॉल लगाने के लिए कहा। बाहर झांकने पर चार लोग दिखे और एक दीवार की आड़ में था। पुलिस को इसकी सूचना सुबह दी। बेटी ने कहा, पुलिस इतनी रात को क्यों आएगी? पुलिस आएगी तो सुबह दरवाजा खोलेंगे इसके बाद लाइट जलाकर खिड़की खोलने पर बदमाश भाग गए।



# स्वरोजगार के लिए निःशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी में 'सशक्त भारतीय' विषय पर विषय विशेषज्ञों एवं छात्राओं के मध्य परिचर्चा का आयोजन किया। 2047 में विकसित भारत की परिकल्पना पर आधारित परिचर्चा में प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि भारत एक विविधता से भरा हुआ देश है, जिसकी 'विविधता में एकता' का जश्न मनाने और भारत के लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी स्नेहांशु सिंह ने कहा कि सशक्त भारत में समाज के वंचित वर्ग को अपनी अधीनस्थ स्थिति से उभार सकते हैं और आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सकते हैं उन्हें अपने रहने की स्थिति में सुधार, शिक्षा तक पहुंच और अन्य विकासात्मक सेवाओं के अवसर मिलने चाहिए। रविन्द्र चौरसिया ने कहा कि जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र के अलावा, हमारी अपने परिवार और कार्य-क्षेत्र से जुड़ी पहचान भी होती है। लेकिन हमारी एक पहचान ऐसी है जो इन सबसे ऊपर है, और हमारी वह पहचान है, भारत का नागरिक होना। संयोजक डॉ. संजय आर्य ने कहा कि हमें अपने राष्ट्र की उन्नति और विकास में भाग लेना चाहिए और सकारात्मक प्रयास करने चाहिए। डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट ने कहा कि आने वाले समय में भारत अधिक स्टार्टअप का नेतृत्व करेगा जिसमें कृषि, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, वित्तीय और सामाजिक प्रभाव वाली परियोजनाएं शामिल हो सकती हैं।

परिचर्चा में डॉ. हरप्रीत रंधावा, मंजरी अवस्थी, पूनम साहू, रविन्द्र चौरसिया, डॉ. मुकेश चंद्र बिष्ट, स्नेहांशु सिंह, डॉ. संजय आर्य, डॉ. शिखा गुप्ता, डॉ. नेहा सिकरवार, तरुणा तिवारी, क्षमा वर्मा, प्रिया कलोसिया, शोभा मीणा, करिश्मा कश्यप तथा छात्राएं उपस्थित थीं।

### अभाविप राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों का किया स्वागत



**सेमरी हरचंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रूपेंद्र मन्नू साहु के प्रथम नगर आगमन पर नगर इकाई कार्यकर्ताओं द्वारा दोपहर 1 बजे स्थानीय पीपल चौक पर ढोल बाजे,पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें छात्र नेता मृदुल नाथ चौहान, यशवंत दुबे, कन्हैया पटेल,नगर अध्यक्ष योगेन्द्र चौधरी, नगर मंत्री योगेश वंशकार, राजकुमार पटेल, ऋतिक नाथ चौहान, हर्ष माछीवाल, ललित साहु,आयुष बैरागी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# उपभोक्ताओं के बगैर आवेदन दिए, बैंक से मनमर्जी पूर्वक काटी जा रही है राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर में बैंक ऑफ़ इंडिया सहित तमाम बैंकों के द्वारा अधिकारियों के द्वारा उपभोक्ताओं के साथ मनमर्जी पूर्वक राशि काट के परेशान किया जा रहा है। ऐसा ही मामला बैंक ऑफ़ इंडिया का सामने आया है जिसमें लाडली बहन के खाते में मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा पहली किस्त 1000 डाली गई थी। जिसमें बैंक के द्वारा राशि काट ली गईं बैंक के द्वारा उपभोक्ता मोबाइल के मैसेज में बार-बार राशि काटने के मैसेज दिए गए जिसमें खाता क्रमांक 0575 में पहली किस्त 1000 भाजपा सरकार के द्वारा भेजी गई थी जिसमें बैंक के द्वारा सारी राशि काट ली गई जबकि उपभोक्ता के खाते में पूर्व से राशि थी। इसी तरह से




उपभोक्ता के द्वारा प्रधानमंत्री बीमा का कोई आवेदन नहीं दिया गया था उसके बाद भी बैंक के द्वारा बीमा की राशि काट ली गई। इसी तरह से उपभोक्ता के नाम से बैंक का एटीएम लेने के लिए कोई आवेदन नहीं दिया गया ना ही कोई कार्यवाही की गई उसके बाद भी बैंक के द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को 145 रुपए एटीएम के नाम से काट लिए गए। इसी तरह से बैंक की मशीन जिससे कि खातों में एंट्री की जाती है वह भी लंबे समय से खराब है कर्मचारियों का व्यवहार उपभोक्ताओं के प्रति संतुष्टि पूर्ण नहीं बताया जाता है। इस तरह से बैंकों के द्वारा उपभोक्ताओं के साथ लगातार उनके खातों से राशि काटकर उनको परेशान किया जाता है और इस बारे में उपभोक्ता की परिवार जनों के द्वारा बैंक प्रबंधन से संपर्क करना चाहा तो वह अवकाश पर बताए गए। स्थिति में उपभोक्ता के द्वारा बैंकिंग लोकपाल भारतीय रिजर्व बैंक से शिकायत की गई उसके बाद भी अधिकारियों के द्वारा एक माह बाद भी वर्तमान शिकायत का निराकरण नहीं किया है। इस बारे में एसबीआई बैंक के प्रबंधक शिव चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि यह सरकार की व्यवस्था है कितने प्रबंधक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं कर सकते हैं।

# स्वरोजगार उद्यम के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा विकसित भारत 2047 की मंशा के अनुरूप स्वरोजगार उद्यम हेतु निशुल्क सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर के रघुवंशी एवं मुख्य अतिथि शिव शंकर सिंह पर्यावरण प्रमुख मध्य भारत, हरि शर्मा समाजसेवी नर्मदापुरम एवं डॉ योगेश खंडेलवाल ने फीता काटकर व मां सरस्वती का पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रमाकांत सिंह प्रभारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया।



अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत एवं पुष्प हार, पुष्पगुच्छ से किया गया। कार्यक्रम मैं स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ. आर के रघुवंशी ने कहा कि स्वावलंबन समय की मांग है स्वकिलंबन से ही हम विकसित भारत का सपना पूरा कर सकते हैं। मुख्य अतिथि शिव शंकर सिंह ने बताया कि यदि प्राचीन भारत की बात करें तो 17वीं शताब्दी तक भारत पूर्ण रूप से स्वावलंबी अर्थव्यवस्था का केंद्र रहा है इसलिए भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। किंतु परतंत्रता की सोच ने हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था के ढांचे को विदेशी शक्तियों ने तहस-नहस कर डाला और हम परावलंबन की तरफ बढ़ गए लेकिन आज आवश्यकता है कि हम अपनी शक्ति को पहचान कर हुनरमंद हो स्वावलंबी बने इसी कड़ी के रूप में आज यह सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण का शुभारंभ हो रहा है।

राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष एस के अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जागृत होगा। कार्यक्रम के अंत में विकसित भारत 2047 के नोडल अधिकारी डॉ अतुल गौर ने मंचस्थ अतिथियों का आभार प्रदर्शन प्रकट किया।

# कॉलेज चलो अभियान का शुभारंभ, किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शहीद भगत सिंह महाविद्यालय के द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत अभियान चलाया गया। जिसमें हायर सेकेंडरी स्कूल खापरखेड़ा और हायर सेकेंडरी स्कूल सांडिया के विद्यार्थियों को नियमानुसार प्रवेश एवं मप्र शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं के संबंध में महाविद्यालय के प्राध्यापक महेंद्र चौकसे एवं सचिन सोनी ने जानकारी प्रदान की गई। कॉलेज के प्रचार डॉ राकेश वर्मा द्वारा लगातार प्रत्येक क्षेत्र में प्रयास किया जा रहे हैं जिसकी अंतर्गत यह कार्यक्रम भी प्रारंभ किया गया है विद्यालय के प्राचार्य अंशुल सोनी हायर सेकेंडरी स्कूल सांडिया एवं एम के गढ़वाल हायर



सेकेंडरी स्कूल खापरखेड़ा के प्रचार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नियम के निर्देश पीटी और विद्यार्थियों के द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों की छाया प्रशन विद्यालय के प्राचार्य को विद्यार्थियों के लिए अधिक विस्तार से जानकारी प्रदान करने के लिए उनकी कॉपी सौंपी। इस तरह से प्रति ग्रामीण क्षेत्र के हायर सेकेंडरी स्कूल में नियम एवं शर्तों के अनुसार कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# दो महीने बाद ही उधड़ा डामर दिखाई देने लगे पत्थर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे नंबर 22 पर सड़क पर लगभग दो-तीन माह पूर्व मध्य प्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा सेमरी हरचंद में कृषि उपज मंडी के पास लगभग 1 किलोमीटर सड़क पर डामर बिछाने का कार्य किया गया था। विगत दिनों हुई बारिश के कारण सड़क का डामर निकल गया और सड़क पर बड़े-बड़े पत्थर निकल आए है। जिसके कारण यातायात में वाहन चालकों एवं क्षेत्र वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारी दिनेश कुमार लोवंशी से बात करने पर उन्होंने बताया कि अभी हमारा काम वही सेमरी हरचंद के आसपास ही सड़क सुधार का कार्य चल रहा है यदि कहीं सड़क पर सुधार कार्य की आवश्यकता है तो उसे देखकर शीघ्र सुधार कार्य करवा दिया जाएगा।

# बस में से तीन लाख से अधिक के जेवरों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

बसों के यात्री अब चोरों के टारगेट पर हैं। इटारसी बस स्टैंड से बस के भीतर हुई पूर्व की दो बड़ी चोरियों का वर्षों बाद भी पता नहीं चला है और अब तीसरी चोरी हो गयी है। यह चोरी इटारसी बस स्टैंड से नर्मदापुरम की यात्रा के दौरान हुई है। चोरी के इस मामले को कोतवाली नर्मदापुरम में दर्ज कराया है। फरियादी विश्वजीत पिता लखमीचंद पवार 61 वर्ष, निवासी शांतिनगर आईटीआई रोड नर्मदापुरम ने शिकायत दर्ज करायी है कि अज्ञात व्यक्ति ने इटारसी और होशंगाबाद के बीच एक निजी यात्री बस में यात्रा के दौरान सोने-चांदी के जेवर करीब 305401 रुपए कीमत की चोरी कर ली है। घटना 10 दिसंबर की सुबह 9:30 बजे के आसपास की है। 20 दिसंबर को पुलिस थाने में घटना की शिकायत दर्ज करायी गई है।

### पहले भी हुई हैं बस स्टैंड पर घटनाएं

पहले भी इटारसी बस स्टैंड से बस में चोरी की घटनाएं हुई हैं। लेकिन, पुलिस का बस स्टैंड पर कोई भी कर्मी दिखाई नहीं देता है। करीब सात वर्ष पूर्व बैतूल की एक महिला यात्री के बैग से सोने-चांदी के जेवर चोरी हो गए थे। छोटी बहन की शादी में इटारसी आई महिला के बैग से 80 हजार रुपए के सोने के जेवर चुरा लिए थे। यह वारदात बस स्टैंड से बैतूल तक के सफर में हुई। घर जाकर बैग खोलने पर जेवर नहीं मिले। इसी तरह से पिछले वर्ष अयोध्या बायपास भोपाल की रहने वाली पूजा जावरे के बैग से अज्ञात ने बस के भीतर ही जेवर चुरा लिये थे। पुलिस को सीसीटीवी में मुंह पर कपड़ा बांधे एक व्यक्ति दिखाई दिया था, लेकिन वह भी हाथ नहीं आया। इस घटना में महिला के 50 हजार रुपए के जेवर चोरी हुए थे।

# पूजित अक्षत कलश की धूमधाम से शोभायात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

नगर में निकली पूजित अक्षत कलश की शोभायात्रा माखन नगर विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य हिंदू संगठनों ने अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से आए हुए पूजित अक्षत कलश की धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। सुबह बस स्टैंड पंचमुखी हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई मंगलवार बाजार स्थित बालाजी मंदिर पहुंची जहां कलश का पूजन कर वितरण किया गया। शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता एवं धार्मिक श्रद्धालु अपने सिर पर कलश लिए चल रहे थे। विहिप प्रान्त सह मंत्री गोपाल सोनी, विहिप नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मंत्री अशोक वर्मा, उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, सयोजक प्रकाश तिवारी मानेगाव, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारी, मनोज पाराशर, निखलेश चतुर्वेदी, मनीष चतुर्वेदी, संजय अग्रवाल, आशीष गुरु सहित हिंदू संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं नगर के धर्म प्रेमी बंधु समीलित हुये।

# एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री के आगमन पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्रीय अधिवेशन में नर्मदा पुरम विभाग की विभाग संगठन मंत्री कुमारी शालिनी वर्मा को राष्ट्रीय मंत्री चुना गया था विभाग संयोजक रूपेंद्र साहू को केंद्रीय कार्यकरणी समिति सदस्य का दायित्व दिया गया है। राष्ट्रीय मंत्री व केंद्रीय कार्यकरणी समिति सदस्य बनने के बाद पहली बार माखन नगर आगमन पर नसीराबाद चौराहा पर माखन नगर ईकाई द्वारा स्वागत किया गया जिसमें नगर की अध्यक्ष प्रिया वर्मा नगर मंत्री सौरभ प्रजापति नगर उपाध्यक्ष कार्तिक कुमार मेहरा नगर सह मंत्री दीपक यादव, अमन कीर खेलो भारत प्रमुख कुमकुम उइके महाविद्यालय प्रमुख प्रियाश बोहित छात्रा प्रमुख पूनम कीर नगर कार्यकरणी समिती सदस्य आस्था चौहान, अदिति दिक्षित, दिव्यांश प्रजापति, मोहित व महाविद्यालय के कार्यकर्ता हर्षित साहू, मनीष यादव, गौरव यादव, उत्तम अहिरवार आंचल खेड़ा कार्यकरणी प्रमुख ओमप्रकाश यादव के साथ नगर के सहयोगी कार्यकर्ता व अन्य छात्र - छात्रा उपस्थित रहें।

# अध्यापक शैक्षणिक संवर्ग को क्रमोन्नति और समयमान वेतन देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

मध्य प्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा शैक्षणिक संबर्ग सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम 2018 से लागू अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक एवं माध्यमिक शिक्षक संवर्ग को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सहायक शिक्षक एवं उच्च श्रेणी शिक्षक संवर्ग की भांति क्रमोन्नति वेतनमान योजना में सम्मिलित किया गया है।

मध्य प्रदेश राज्य की सिविल सेवा के सदस्यों को सेवा में आगे बढ़ाने के निश्चित अवसर उपलब्ध कराने के लिए समयमान वेतनमान उच्च माध्यमिक शिक्षकों को दिए जाने का प्रावधान है।

प्राथमिक शिक्षक माध्यमिक शिक्षक को 12 वर्ष एवं 24 वर्ष की क्रमोन्नति का लाभ तथा उच्च



माध्यमिक शिक्षकों को समय मान वेतनमान देने का लाभ के संबंध में मप्र शासकीय शिक्षक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राम मोहन रघुवंशी ने भावना दुबे संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदा पुरम संभाग को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम, हरदा तथा बैतूल को भी निर्देशित करने का कष्ट करें ज्ञापन देते समय मध्य प्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन के संभागीय अध्यक्ष राजेश पांडे, जिला अध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, राकेश साहू, हरिप्रसाद परेवा आदि उपस्थित थे।

### हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित की जा रही श्रीराम कथा.....

# नई पीढ़ी को धर्म के साथ जोड़ने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

गोलोक गमनवासी रामचरित मानस के प्रखर वक्ता रामकिंकर की जन्मशताब्दी वर्ष का अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी, सचिव गिरिधर्मल एवं समिति प्रबंधकों के द्वारा 21 से 25 दिसंबर तक मंगलवारा धर्मशाला में कथा वाचक मंदाकिनी रामकिंकर के द्वारा राम कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में वह एवं उनके रामकिंकर जी पिपरिया आए थे उस समय राम विवाह का आयोजन किया गया था। यह समय रामकिंकर जनशताब्दी वर्ष का चल रहा है सनातन धर्म संकट में है इस बेला में राम कथा की आवश्यकता है और धर्म से नई पीढ़ी को जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नई युवा पीढ़ी को राम




कथा से जुड़ना चाहिए जिससे बहुत अधिक लाभ मिलेगा धर्म के साथ जीवन शैली को जोड़कर चलें राम कथा में उन्होंने कहा कि पूरी राम कथा में रामायण में सिर्फ दो पात्र एक दशरथ और एक दशमुख इन दोनों ही से ही जीवन का आदर्श है लेकिन 10 मुख से भोग का माध्यम बना इसलिए उसका पुतला आज भी जलाया जाता है जो भूख वादी हैं यह राम कथा आत्म चिंतन का शिविर है और दशरथ आज भी प्रत्येक मनुष्य के 10 इंद्रियां हैं वह रथ सवार होकर धर्म की ओर जा रही है। राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतरना ही सबसे बड़ी राम कथा है रामकिंकर जी हमेशा बाबा तुलसी के मानस मर्मज्ञ हमेशा तुलसीदास की कथा में रहते थे कि तुलसीदास जी ने यह कहा है यह लिखा है पांच देवी श्रीराम कथा का आयोजन मंगलवार धर्मशाला में किया गया है जो शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इस दौरान समिति के सभी सदस्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिक से अधिक संख्या में राम कथा का आनंद लेने की बात पर उन्होंने जोर दिया। और उन्होंने राम नाम लिखने के लिए पत्रिका एवं पेन सभी को भेंट किया लगभग 80 हजार राम नाम की पत्रिका उनके द्वारा वितरण की जा रही हैं जिससे कि लोग धर्म की ओर मुड़े आज वर्तमान समय में धर्म संकट में है इसलिए रामचरितमानस की आज आवश्यकता है ।

## खबर संक्षेप

### उप निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण कराने के निर्देश

**सीहोर।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) के लिये निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। उप निर्वाचन के लिये विभिन्न कार्यों में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपेक्षा अनुरूप कार्य करने के लिये प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने संबंधित कलेक्टर्स को दिये हैं। श्री सिंह ने कहा है कि जिले में ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स (प्रशिक्षण) की नियुक्ति कर निर्वाचन के विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण करवाकर कार्य संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि प्रशिक्षण में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुति, संवीक्षा एवं प्रतीक आवंटन, ईव्हीएम की कार्यप्रणाली एवं सीलिंग, मतदान दलों को सामग्री वितरण/वापसी मतदान दिवस की व्यवस्था, मतगणना की प्रक्रिया एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा से संबंधित विषय शामिल किये जायें।

### दिव्यांगों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।

ठंड में कोहरे के कारण दूर से नहीं दिखते वाहन, होते हैं हादसे का शिकार

# जिंदगी के लिए काल बन सकते हैं नेशनल हाईवे पर सड़क किनारे ढाबों पर खड़े ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

नेशनल हाईवे 347 सी के किनारे स्थित ढाबों पर ट्रकों की लंबी कतार देखने को मिल रही है। यह ट्रक कई स्थानों पर हाईवे के दोनों तरफ खड़े दिखते हैं। इससे हाईवे संकरा नजर आता है। ऐसा तब है जब दिसंबर माह के साथ ही तराई कोहरे की चादर में लिपटने लगी है। सुबह व रात के समय जिला घने कोहरे के आगोश में रहता है। हाईवे पर खड़े ट्रकों को लेकर जिले के हुक्मरान मौन हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।



जिले की कसरावद तहसील क्षेत्र के खलबुजुर्ग से नगर से हाईवे गुजर रहा हैं, जिसपर से प्रतिदिन 3 हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। इन दिनों हाईवे किनारे खड़े ट्रक राहगीरों के लिए डर का सबब बने हुए हैं। रात के समय हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों की जान हमेशा सांसत में बनी रहती है। उनकी हल्की सी चूक कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। सबसे ज्यादा अव्यवस्था छोटी कसरावद के आगे मोड़ और तहसील के ग्राम जामला हाईवे पर देखने को मिल रही है। छोटी कसरावद और लोहारी ग्राम पंचायत के जामला में मार्ग पर पड़ने वाले निमाड़ी ढाणी दवे के बाहर सड़क के दोनों ओर दिन से लेकर रात तक दर्जनों ट्रक हाईवे के किनारे खड़े नजर आते हैं। हाईवे संकरा नजर आता है।वहीं छोटी कसरावद के मोड़ वाले मार्ग पर दिन हो चाहे रात के समय ढाबे पर शराब पीने और खाना खाने के लिए ट्रक और बलकर चालक हाइवे के किनारे वाहन खड़े कर दो-दो घंटे वाहन नहीं बढ़ाते हैं।जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है,देखने को मिलती है। कसरावद नगर के इंदौर रोड़ स्थित ढाबों के बाहर हाईवे के दोनों तरफ ट्रक खड़े नजर आते हैं, जो हर समय हादसे को दावते देते रहते हैं। ऐसा तब है, जब इस मार्ग पर डिवाइडर भी नहीं हैं और राहगीर फर्राटे के साथ गुजरते हैं।

### ट्रकों को लेकर दिया था सख्त निर्देश

हाईवे किनारे खड़े हो रहे ट्रकों से टकरा कर प्रदेश में होने वाले हादसों को लेकर शासन ने सख्त निर्देश दे रखें कि जिलों के जिम्मदारों को हाईवे किनारे खड़े हो रहे वाहनों के खिलाफ सख्ती बरतने और हाईवे को खाली रखना हैं। बावजूद इसके जिले में लगभग सभी मुख्य हाईवे पर ट्रक खड़े हो रहे हैं।

### राहगीर बोले, साइड देते समय सांसत में रहती है जान

नगर के निवासी दीपक कुशवाहा ने बताया कि अक्सर काम के सिलसिले में खरगोन जाना होता है। हाईवे किनारे खड़े ट्रकों के चलते सामने से आ रहे बड़े वाहन को साइड देने में हादसे का खतरा बना रहता है। लोहारी निवासी ने कहा कि कसरावद जाते समय हाईवे किनारे खड़े ट्रकों के चलते हादसे की आशंका रहती है। ट्रकों के चलते कई बार जाम भी लगता है, बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे।

### कोहरे में बढ़ेंगी मुश्किलें

गर्मियों में हाईवे किनारे खड़े ट्रक दिख जाते हैं। लेकिन सर्दी की शुरुआत के साथ ही खतरा बढ़ गया है। सर्दियों में कोहरे के दौरान ट्रक न दिखने पर हादसा हो सकता है। जिला प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए।

### अभियान चलाएंगे

*अगर ढाबों के सामने मुख्य सड़क पर दो साइड बड़े-बड़े वाहन चालकों द्वारा ट्रक खड़े किए जा रहे और उनसे यातायात बाधित हो रहा है तो पुलिस की ओर से अभियान चलाया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।*

**धर्मवीर सिंह यादव**
पुलिस अधीक्षक खरगोन।

23 दिसंबर तक चलेगा लोड टेस्ट

# मोरटक्का पुल को तीन दिन के लिए किया बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ ओंकारेश्वर

इंदौर इच्छापुर नेशनल हाईवे पर मोरटक्का स्थित नर्मदा नदी बने पुल को लोड टेस्ट रत्रॠरकळर के इंजीनियर तीन दिन तक करेंगे तथा रिपोर्ट आने के बाद ही पुल से भारी वाहनों के आवागमन को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी।

पीडीएनएचआई इंदौर डिविजन द्वारा बताया गया कि 21 दिसंबर को सुबह 9 बजे से 23 दिसम्बर तक इंदौर की इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम द्वारा मोरटक्का ब्रिज का लोड टेस्ट किया जाएगा। इन 3 दिनों में वाहनों का आवागमन पूर्णत; प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने बताया कि इन 3 दिनों के लिए 21 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से निजी वाहन, हल्के माल वाहक वाहन, यात्री बसे एक्वाडक्ट मार्ग से डायवर्ट होते हुए बड़वाह से आ जा सकते हैं।



# रावण वध के बाद पंडाल में गूंजा जय श्रीराम राज तिलक के साथ कथा का समापन

## अयोध्या से आए अक्षत कलश का किया पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

कसरावद नगर में निजी जिनिंग में चल रही नौ दिनी संगीतमय रामकथा कथा के अंतिम दिन कथा वाचक मदनमोहन महाराज ने लंका कांड का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि लक्ष्मण और मेघनाद के मध्य घोर युद्ध हुआ। ब्रह्मशक्ति के वार से लक्ष्मण मूर्च्छित हो गये। उनके उपचार के लिये हनुमान सुसैन वैद्य को लाए। मार्गदर्शन पर हनुमान औषधि के रूप में संजीवनी ले आए। इधर, औषधि आने में विलंब देखकर राम विलाप करने लगे। सही समय पर हनुमान औषधि लेकर आ गये और सुषेण के उपचार से लक्ष्मण स्वस्थ हो गये। रावण द्वारा भेजे गए कुंभकरण ने युद्ध में राम के हाथों परमगति प्राप्त की। लक्ष्मण ने मेघनाद से युद्ध करके उसका वध कर दिया।

राम और रावण के मध्य अनेकों घोर युद्ध हुये और अंत में रावण राम के हाथों मारा गया। विभीषण को लंका का राज्य सौंप कर राम,सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या के लिये प्रस्थान किया। जहां राम का भव्य स्वागत हुआ।भरत के साथ सर्वजनों में आनंद व्याप्त हो गया। वेदों और शिव की स्तुति के साथ राम का राज्याभिषेक हुआ। इस दौरान कथा समापन पर व्यास पीठ से अयोध्या श्री राम मंदिर के लिए निमंत्रण हेतु आए अक्षत कलश का पूजन महाराज द्वारा किया गया। सचिव सुधीर सराफ ने बताया की नो दिवसीय आयोजन में क्षेत्र की जनता का सराहनीय सहयोग रहा। समिति के नथतुलाल पाटीदार, लक्ष्मण कुशवाह, पप्पू मंडलोई, राधे राधे कुशवाह, राजीव सोहनी, मनोज सराफ, नरेंद्र पाटीदार, सुधीर सराफ, रामेश्वर यादव, सदाशिव पाटीदार, पंढरी कुशवाह, राजाराम पावटेवाला, गणेश कुशवाह, ललित सोनी, गौरव सोनी, मुकेश सोनी, मुकेश पाटीदार आदि ने आभार माना।

'बच्चों की मेडिकल जांच अवश्य करें'

# बच्चों के चिकित्सकीय जटिलता के उपचार के लिए दिया प्रशिक्षण



**खंडवा।** कुपोषित बच्चों के समुदाय आधारित प्रबंधन के प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। प्रशिक्षण के समापन सत्र को महिला एवं बाल विकास विभाग के डी.पी.ओ. विष्णु प्रताप सिंह राठौड़ और स्वास्थ्य विभाग के सी.एम.एच.ओ. डॉक्टर ओ.पी. जुगतावत द्वारा संयुक्त रूप से संबोधित किया गया।

डॉ. जुगतावत ने कहा कि आर.बी. एस.के. की टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर सभी कुपोषित बच्चों की निगरानी की जाए और अपना भ्रमण कार्यक्रम सी.डी.पी.ओ. के साथ साझा किया जाए। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की स्क्रीनिंग की जा सके। साथ ही सभी ए.एन.एम. एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा चिन्हांकित कुपोषित बच्चों का मेडिकल परीक्षण किया जाए एवं चिकित्सीय जटिलता होने पर एनआरसी रेफर किया जाए। डी.पी.ओ. बीपी सिंह राठौड़ ने उद्बोधन में कहा कि सभी ए.एन.एम. ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के दिन कुपोषित बच्चों की मेडिकल जांच अवश्य करें जिससे उनको समय रहते एनआरसी रेफर किया जा सक। प्रशिक्षण के अंतिम दिन आर.बी.एस.के. टीम एवं खंडवा विकासखंड की ए.एन.एम. को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण राज्य स्तर से आए सौरव गौर एन.एच.एम. एवं दीपक पांडे एम्स भोपाल के द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया। इस अवसर पर डी.पी.एम. शैलेंद्र सिंह सोलंकी भी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं ने टीएमसी सांसद बनर्जी का पुतला जलाया

## वीडियो बनाने वाले राहुल गांधी की हरकत पर भी आक्रोश जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



संसद सदन के बाहर देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो बनाकर अपमान करने को लेकर भाजपा नेताओं नेआक्रोश जताया है। गुरुवार को शहर के भाजपा कार्यालय के बाहर क्षेत्रीय भाजपा नेताओं ने उपराष्ट्रपति धनकड़ के अपमान के विरोध में टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी पुतला दहन कर विरोध जताया है। एवं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने और वीडियो बनाने वाली राहुल गांधी की हरकत पर भी आक्रोश जताया।इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोनों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई है।भाजपाइयों ने दो टूक कहा कि हमारे देश के उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।नेताओं ने दोनों सांसदों से उपराष्ट्रपति से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन का कहना है कि यह कृत्य बहुत ही निंदनीय है। महाजन ने कहा कि टीएमसी सांसद ने जहां उप राष्ट्रपति की मिमिक्री कर हंसी उड़ाई वही गांधी ने इसका वीडियो बनाकर इस अपमान को बढ़ावा दिया है। इन लोगों ने सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान किया है जिस प्रकार कांग्रेस और इंडी गठबंधन भारत को अपमानित करने का काम कर रही है देश सब देख रहा है। भाजपा इस कृत्य की घोर निंदा करती है।

### राहुल गांधी ने बनाया था वीडियो

*बता दें कि मंगलवार को सदन के बाहर विपक्षी सांसद आदि एकत्र थे। उसी दौरान टीएमएसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने मिमिक्री की थी। टीएमसी सांसद द्वारा की जा रही मिमिक्री का वीडियो राहुल गांधी द्वारा बनाया जा रहा था, जिसको लेकर उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने कड़ी आपति की थी। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विपक्षी नेताओं की ऐसी हरकत को गलत बताया था।*

# 5 साल की बच्ची को स्कूल के ही बाथरूम में ले जाकर की गई थी हैवानियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्यामपुर स्थित एक स्कूल के संचालक भले ही यह कहें कि बच्ची के साथ ज्यादती की घटना स्कूल वैन चालक ने उनके स्कूल परिसर में नहीं की है, लेकिन पीड़ित बच्ची ने पुलिस और न्यायालय को यही बताया है कि स्कूल बस के ड्राइवर ने उसे स्कूल परिसर में बनी बाथरूम में ले जाकर उसके साथ हैवानियत की है। विशेष न्यायाधीश अभिलाष जैन ने पीड़ित बच्ची को अतिशीघ्र 2 लाख रुपए अंतरिम प्रतिकर देने के आदेश जारी किए हैं।

बता दें कि श्यामपुर स्थित एक स्कूल में 13 दिसंबर को स्कूल वेन का चालक विनोद माहेश्वरी नर्सरी में पढ़ने वाली 5 साल की मासूम बच्ची का हाथ पकड़कर जबरन बाथरूम में ले गया और उसके साथ ज्यादती की। यही नहीं जब बच्ची ने उसका विरोध किया तो 32 वर्षीय आरोपी विनोद ने उसका हाथ मरोड़ दिया और उसे घूंसे से मारा भी। यही नहीं किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। जिससे बच्ची बुरी तरह से डर गई थी। बच्ची इतनी डरी-सहमी थी कि स्कूल से घर पहुंचते ही करीब आधे घंटे बाथरूम में बैठी रही। उसकी हालत बहुत खराब थी। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर सीधे भोपाल के हमीदिया अस्पताल पहुंचे थे। जहां अस्पताल की तहरीर पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस को पीड़ित बच्ची की मां ने पूरी बात बताई। विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव द्वारा पॉक्सो एक्ट के नियमों के तहत पीड़िता के चिकित्सा व्यय, भरण पोषण और शैक्षणिक अनिवार्यता के लिए न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर विचार कर न्यायाधीश अभिलाष जैन ने प्रतिकर राशि देने के आदेश जारी किए हैं।

विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणजनों से संवाद कर योजनाओं की दी जा रही है जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने तथा शेष पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निकाली जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को जिले के 6 विकासखण्डों के 12 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित हुई।

गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन ग्राम पंचायत चारखेड़ा में हुआ। यात्रा के दौरान सर्वप्रथम रथ पूजन जनपद उपाध्यक्ष चरण सिंह राठौड़ द्वारा किया गया। इसके बाद उपस्थित ग्रामीणों को फिल्म दिखाई गई, जिसमें शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, विभागों द्वारा चलाई जा रही योजना की जानकारी विभाग प्रमुखों द्वारा दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने वाले 5 हितग्राहियों ने मेरी जुबानी मेरी सफलता की कहानी बताई। इस दौरान विभिन्न विभागों के 78 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेज दिए गए। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नया हरसूद में आयुष विभाग की प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 172 लाभार्थियों ने लाभ उठाया, जिसमें आयुर्वेद के 85 लाभार्थी, 87 होम्योपैथी के लाभार्थी शामिल है।



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि जनपद पंचायत खालवा की ग्राम पंचायत सुकवी रैयत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में संकल्प रथ के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणजनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन सुनाया गया। आयोजित शिविर में समस्त खण्ड स्तरीय विभाग प्रमुखों द्वारा अपने विभागीय योजना की जानकारी उपस्थित जनसमुदाय को प्रदाय की गई। कार्यक्रम में सुशीलाबाई पति शंकर एवं सरस्वती को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का लाभ दिया गया। इसके अलावा शिविर में भारतसिंह को प्रधानमंत्री आवास योजना, रूपचंद को आयुष्मान भारत योजना, सखाराम को स्वच्छ भारत मिशन योजना, अंकुश गिरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिलने पर उन्होंने सफलता की कहानियां उपस्थितजनों को सुनाई। शिविर में कुल 108 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें से 97 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष लंबित 11 आवेदनों का निराकरण हेतु संबंधित विभाग को अंतरित किये गये। शिविर में 25 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये एवं 14 हितग्राही के आधार कार्ड अपडेट किये गये। ग्राम पंचायत केसून में आयोजित कार्यक्रम में जल परीक्षण किट का वितरण हितग्राहियों को किया गया। साथ ही ग्रामीणजनों को जल को कैसे शुद्ध किया जा सके के बारे में जानकारी दी गई।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोलंकी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरूवार को खालवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सुकवी रैयत, मोहन्याखेड़ा, खंडवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जामली सैयद, जामली मूंदी, पंधाना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोलखेड़ा, पिपलोद खास, हरसूद विकासखण्ड की ग्राम पंचायत चारखेड़ा पु.आ., प्रतापपुरा, छैगांवमाखन विकासखण्ड की ग्राम पंचायत केसून, लखनगांव एवं पुनासा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पिपलकोटा एवं उटावद में कार्यक्रम आयोजित हुए।